**डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ**
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
मोहान रोड, लखनऊ 226 017 दूरभाष न0–8004930056/0522-2999862/2998380/1/2/3294434 वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in

प्रेषक

कुलसचिव,
डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

(1). कुलपति,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(2). निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(3). समस्त विभागाध्यक्षगण,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(4). विभागाध्यक्षों से भिन्न समस्त आचार्य,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(5). डॉ0 संजीव गुप्ता,
एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(6). श्री आशीष गुप्ता,
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दृष्टिबाधितार्थ विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांक : 1135 / पत्रा.सं0–568 / डीएसएमएनआरयू / वि0परि0 / अष्टम् बैठक / 2018–19 दिनांक: 11/10/2018

विषयः–डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्या–परिषद की अष्टम् बैठक दिनाँक 11.10.2018 के कार्यवृत्त के प्रेषण के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ विद्या–परिषद की अष्टम् बैठक दिनांक 11.10.2018 में लिये गये निर्णयों के कार्यवृत्त की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जाने का मुझे निदेश हुआ है।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

के विद्या परिषद की

आठवीं बैठक दिनाँक: 11 अक्टूबर, 2018 का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय – | सायं 04:00 बजे |
| स्थान – | पंचम तल स्थित सभागार<br>डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की मा0 विद्या परिषद की 8वीं बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही।

बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| एजेण्डा बिन्दु सं0 | कार्यवाही |
|---|---|
| 1/8 | विद्या परिषद की सप्तम–बैठक हेतु निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के संबंध में। |
| | निर्णयः– मा0 विद्या परिषद द्वारा कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 2/8 | विद्या परिषद की सप्तम बैठक दिनांक 08.08.2018 में लिए गए निर्णयों के अनुपालन के संबंध में। |
| | निर्णयः–<br>क) विद्या परिषद सप्तम बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से अवगत हुयी।<br>ख) बिन्दु संख्या 4/7 के सम्बन्ध में विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 07.08.2018 के कार्यवृत्त (पत्र संख्या–718/412ए/डीएसएमएनआरयू/सम्बद्धता/बैठक/2018–19 दिनांक 07.08.2018 द्वारा निर्गत) के बिन्दु संख्या–1 में निर्णय लिया गया था कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं के शैक्षिक सत्र 2018–19 हेतु सम्बद्धता विस्तारीकरण पर विचार हेतु पाठ्यक्रम संचालन के लिए आवश्यक मूलभूत आवश्यकताओं/संसाधनों एवं फैकल्टी संबंधित समस्त आधारभूत सुविधाओं का सत्यापन विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा कराया जाय। निरीक्षण दल द्वारा प्रदत्त निरीक्षण आख्या/संस्तुति को सम्बद्धता समिति की आगामी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय व तदनुसार ही विस्तारीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।<br>उपर्युक्त निर्णय के कम में विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध संस्थान सेंट्रल पब्लिक स्कूल, लखनऊ की शैक्षणिक सत्र–2018–19 के लिए सम्बद्धता हेतु सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 11.10.2018 में विचारार्थ प्रस्तुत की गयी, जिसमें अवगत कराया गया कि उक्त संस्थान को विश्वविद्यालय द्वारा जारी सम्बद्धता आदेश दिनांक 06.02.2018 में पाठ्यक्रम संचालन से पूर्व आवश्यक मूलभूत सुविधाओं/संसाधनों एवं फैकल्टी संबंधित मानक व कमियों को दो माह में पूर्ण किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए थे, जिसके कम में यद्यपि सेंट्रल पब्लिक स्कूल, लखनऊ द्वारा अपने पत्र दिनांक 14.02.2018 के माध्यम से कमियों को पूर्ण कर लिए जाने के सम्बन्ध में सूचित किया गया था, परन्तु संस्था द्वारा भवन के मानचित्र के अतिरिक्त कोई भी अभिलेख संलग्न कर प्रस्तुत नहीं किया गया था। निरीक्षण दल द्वारा संस्था के निरीक्षण के समय सशर्त दी गयी सम्बद्धता सम्बन्धी आदेश में बताई गई कमियो की पुष्टि की कार्यवाही की गयी। सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 11.10.2018 में निरीक्षण दल की आख्या विचारार्थ |



(Pravir Kumar)
Vice-Chancellor
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University

| | |
|---|---|
| | प्रस्तुत की गयी। सम्बद्धता समिति द्वारा निरीक्षण दल की आख्या में उल्लिखित संस्था में मूलभूत सुविधाओं के अभाव एवं निर्दिष्ट कमियों के पूर्ण न होने के दृष्टिगत सेंट्रल पब्लिक स्कूल, लखनऊ की शैक्षणिक सत्र 2018–19 में पाठ्यक्रम के संचालन हेतु पूर्व में जारी किए गये सशर्त सम्बद्धता आदेश को निरस्त करने का निर्णय लिया गया।<br><br>ग) मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि सम्बद्धता समिति की दिनांक 07.08.2018 को आहूत बैठक के एजेण्डा बिन्दु संख्या–01–''विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थाओं के शैक्षिक सत्र 2017–18 (जिन महाविद्यालयों / संस्थाओं का विस्तारीकरण नहीं है) हेतु तथा नवीन शैक्षिक सत्र 2018–19 हेतु सम्बद्धता विस्तारीकरण के संबंध में'' लिए गए निर्णय के अनुपालन में पूर्व से विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त 14 महाविद्यालयों / संस्थाओं के निरीक्षण हेतु निरीक्षण दल गठित करते हुए स्थलीय निरीक्षण कराया गया। गठित निरीक्षण दलों द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संस्थाओं / महाविद्यालयों का मान्यताओं हेतु निर्धारित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं / संसाधनों, शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक कार्मिकों तथा अन्य संबंधित मानकों के आधार पर निरीक्षण किया गया व सभी संस्थाओं / महाविद्यालयों के सम्बन्ध में विस्तृत आख्या (फोटोग्राफ, वीडियोग्राफी, भवन के मानचित्र एवं अन्य अभिलेखों को संलग्न करते हुए) उपलब्ध करायी गयी। सम्बद्धता समिति की दिनांक 11.10.2018 को आहूत बैठक में निरीक्षण दलों की निरीक्षण आख्याओं / संस्तुतियों पर विचार किया गया। निरीक्षण दलों की आख्याओं / संस्तुतियों के आधार पर सम्बद्धता समिति द्वारा केवल तीन महाविद्यालयों / संस्थाओं (टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ; कल्याणम् करोति, मथुरा; व हिन्द महाविद्यालय, बाराबंकी) द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों को छोड़कर शेष समस्त महाविद्यालयों / संस्थाओं को वांछित मूलभूत सुविधाओं / मानकों के अभाव में शैक्षणिक सत्र 2018–19 हेतु सम्बद्धता विस्तारीकरण नहीं किए जाने की संस्तुति की गयी।<br><br>मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्बद्धता समिति की उपरोक्त संस्तुतियों को स्वीकार करते हुए उन पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 3/8 | विश्वविद्यालय दीक्षान्त समिति के गठन के सम्बन्ध में। |
| | **निर्णयः**–विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह हेतु मा0 राज्यपाल / कुलाध्यक्ष, विश्वविद्यालय द्वारा 12 नवम्बर, 2018 की तिथि नियत की गयी है। विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह के सफल आयोजन हेतु प्रस्तावानुसार विभिन्न समितियाँ के गठन हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 4/8 | विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह में उपाधि एवं पदक प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में। |
| | **निर्णयः**– विद्या परिषद द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उपर्युक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 5/8 | डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी–एच.डी.) अध्यादेश, 2018 के सम्बन्ध में। |
| | **निर्णयः**– विद्या परिषद द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव का अवलोकन कर सम्यक् विचारोपरान्त निम्नलिखित निर्णय पारित किए :–<br><br>क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम0फिल0 / पीएच0डी0 उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदंड और प्रक्रिया) विनियम, 2016 को अंगीकृत किया जाए। |

| | |
|---|---|
| | ख) मा0 विद्या परिषद द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि एम0फिल0 / पीएच0डी0 उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदंड और प्रक्रिया के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम0फिल0 / पीएच0डी0 उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदंड और प्रक्रिया) विनियम, 2016 एवं डॉ0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय (भिन्न रूपेण योग्य हेतु) उत्तर प्रदेश अधिनियम, 2009 में विहित प्रावधानों में यदि किसी प्रकार का विरोधाभास उत्पन्न होता है, तो ऐसी स्थिति में डॉ0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय (भिन्न रूपेण योग्य हेतु) उत्तर प्रदेश अधिनियम, 2009 में विहित प्रावधान ही प्रभावी होंगे। |
| 6/8 | शोध उपाधि समिति के गठन के सम्बन्ध में। |
| | निर्णयः— विद्या परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव का अवलोकन किया गया एवं शोध उपाधि समिति के गठन पर सम्यक विचारोपरान्त निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया:—<br>1. कुलपति — अध्यक्ष<br>2. विश्वविद्यालय का वरिष्ठतम् आचार्य — सदस्य<br>3. समस्त संकायों के अधिष्ठाता — सदस्य<br>4. सम्बन्धित विभाग के विभागाध्यक्ष — सदस्य<br>5. कुलसचिव — सदस्य सचिव<br>6. अध्यक्ष की अनुमति से विशेष आमंत्री सदस्य के रूप में सम्बन्धित शिक्षक जिसके द्वारा सम्बन्धित शोध विषय हेतु अग्रेषित किया गया है। |
| 7/8 | विधि संकायान्तर्गत द्विवर्षीय एलएल.एम. परास्नातक पाठ्यक्रम के अध्यादेश के सम्बन्ध में। |
| | निर्णयः— विद्या परिषद द्वारा द्विवर्षीय एलएल.एम. परास्नातक पाठ्यक्रम के अध्यादेश पर सम्यक विचारोपरान्त उक्त अध्यादेश के ड्राफ्ट पर अनुमोदन प्रदान करते हुए निम्नलिखित निर्देश प्रदान किए गए:—<br>1. आगामी शैक्षणिक सत्र 2019—20 में एलएल.एम. परास्नातक पाठ्यक्रम में क्लैट (CLAT) परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर प्रवेश सुनिश्चित किया जायेगा। इस हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।<br>2. विद्या परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह सुझाव दिया गया कि विधि संकाय के अन्तर्गत विभिन्न विधिक विषयों पर स्ववित्त पोषित अल्पकालिक सर्टिफिकेट कोर्स प्रारम्भ करने पर भी विचार किया जाए। |
| 8/8 | विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थाओं के स्थलीय निरीक्षण में जाने वाले सदस्यों / आमंत्रित वाह्य विशेषज्ञों को दिए जाने वाले मानदेय एवं यात्रा / निरीक्षण अवधि में ठहरने / रूकने पर भोजन इत्यादि पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति के सम्बन्ध में। |
| | निर्णयः— विद्या परिषद द्वारा निर्देश दिए कि उक्त प्रस्ताव विद्या परिषद के समक्ष विचारणीय नहीं है। अतः उक्त प्रस्ताव को वित्त समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। |

| | |
|---|---|
| 9/8 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।<br><br>1. विशेष शिक्षा संकायान्तर्गत शोधरत् विद्यार्थियों को पी–एच.डी. की डिग्री शिक्षाशास्त्र के स्थान पर विशेष शिक्षाशास्त्र के अन्तर्गत दिए जाने के सम्बन्ध में।<br><br>निर्णयः– विद्या परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।<br><br>2. विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय का नामकरण "डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान" किए जाने के सम्बन्ध में।<br><br>निर्णयः– विद्या परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।<br><br>3. विश्वविद्यालय में 03 दिसम्बर को "विश्व दिव्यांग दिवस" आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में।<br><br>**निर्णयः**– अध्यक्ष, दृष्टिबाधितार्थ विभाग द्वारा मा0 विद्या परिषद को अवगत कराते हुए यह अनुरोध किया कि विश्वविद्यालय में 03 दिसम्बर को "विश्व दिव्यांग दिवस" के अवसर पर खेल–कूद प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।<br>मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति व्यक्त करते हुए यह निर्णय लिया गया कि "विश्व दिव्यांग दिवस" के अवसर पर खेल–कूद प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रमों को सम्मिलित करते हुए एक सुविचारित प्रस्ताव अध्यक्ष, दृष्टिबाधितार्थ विभाग द्वारा प्रस्तुत किया जाए। प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्यवाही के लिए निर्णय लेने हेतु कुलपति को अधिकृत किया गया। |

अन्त में मा0 विद्या परिषद की बैठक का सधन्यवाद समापन किया गया।

सिंह)

Vice-Chancellor
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ

Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow

मोहान रोड, लखनऊ: 226 017 दूरभाष नं0–8004930056/0522-2999862/2998380/1/2/3294434 वेबसाइट: http://dsmru.up.nic.in

## कुलपति महोदय की अध्यक्षता में विद्या–परिषद की अष्टम्–बैठक में सम्मानित सदस्यों का उपस्थिति विवरण

तिथि 11 अक्टूबर, 2018, (दिन–गुरूवार)
समय सायं 04:00 बजे
स्थान सभागार, पंचम तल, प्रशासनिक भवन, विश्वविद्यालय, लखनऊ।

| क्रम सं0 | नाम | पदनाम | विभाग का नाम | मोबाइल संख्या | ई–मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | [signature] | P/O | | | | [signature] |
| 2 | Arvind Kr [illegible] | | | | | [signature] |
| 3 | रवीन्द्र [illegible] | इलेक्ट्रॉनिक्स [illegible] | | | | [signature] |
| 4 | [illegible] नाथ सिंह | प्रोफेसर | हिन्दी | 9918175000 | pibnar@gmail.com | [signature] |
| 5 | संजीव गुप्ता | एसो0 प्रोफेसर | वाणिज्य | 9838849236 | drsanjeevgupta2019@gmail.com | [signature] |
| 6 | Vipin Kr. Pandey | Associate professor | Dept. of English | 9415181990 | Pandeyvipin986@gmail.com | [signature] |
| 7 | Rajendra Prasad. | Asso Professor. | Deptt of Painting. (Fine Art) | 9838521100 | rajpra.vis@gmail.com. | [signature] |
| 8 | वीरेन्द्र सिंह यादव | एसो0प्रो0 | हिन्दी | 9415924888 | dr.virendrayadav@gmail.com | [signature] |
| 9 | Kaushal Sharma | Assoc. Prof. | Hearing Impairment. | 9005673449 | Kaushalvnu06@hotmail.com | [signature] |
| 10 | Shashi Bhushan | Asso Prof | Statistics | 8004766444 | shashi.psy@gmail.com | [signature] |
| 11 | VIJAY SHANKAR SHARMA | Asso. PROF. | VISUAL IMPAIRMENT | 9412409625 | DRVIJSS@GMAIL.com | Vijay S |
| 12 | Prof C.K Dixit | Prof | Physics | 7705903069 | ckdixit@dsmnru.ac.in | [signature] |